## महत्वपूर्ण एवं खास

### महिला से 31 हजार की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** कम कीमत में टाईल्स सप्लाई करने का झांसा देकर 31 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बसंत विहार महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थिया सुनीता जुमानी 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल क्रमांक 77408-48723 से उसके पास कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने कम कीमत में टाईल्स सप्लाई करने का झांसा देकर फोन पे के माध्यम से 31 हजार रुपए अपने खाता में डलवा लिया। जिसके बाद आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गरियाबंद (आरएनएस)।** कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद में 18 एवं 19 जनवरी 2023 को प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम मरदाकला, खम्हारीपारा, भरवामुड़ा एवं धवलपुर के 40 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुये। केन्द्र के प्रमुख डॉ. मनीष चैरसिया ने प्राकृतिक खेती पर चर्चा करते हुये प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. शालू एन अब्राहम ने प्राकृतिक खेती करने के तकनीकी एवं प्रायोगिक जानकारी किसानों को दी। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ईशु साहू के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र मे स्थित प्राकृतिक खेती इकाई में जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र का प्रत्यक्ष रूप से प्रयोग कर दिखाया गया। प्राकृतिक खेती पर अग्रीम पंक्ति प्रदर्शन कर रहे कृषकों को जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र आदि तैयार करने हेतु ड्रम प्रदान किया गया। केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा प्रशिक्षणाथियों को प्रक्षेत्र का भ्रमण कराते हुये प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न इकाईयों जैसे अलसी, सरसों व चना बीज उत्पादन, मशरूम उत्पादन इकाई, पशु पालन इकाई, केचुआं खाद उत्पादन इकाई, मुर्गी पालन इकाई, किचन गार्डन, फल मातृ उद्यान का अवलोकन कराया गया।

### इंटर्न व जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हुई

**जगदलपुर (आरएनएस)।** मेडिकल कॉलेज में तैनात इंटर्न स्टायफंड और जूनियर डॉक्टर सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर गुरूवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गये हैं। मेकाज में तैनात 89 इंटर्न और करीब 60 जूनियर और सीनियर रेसीडेंट डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने से इसका खासा प्रभाव पडऩे की आशंका जताई जा रही है। डॉ. पुष्पराज प्रधान ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन से जूनियर रेसीडेंट डॉक्टर्स के मानदेय में वृद्धि का प्रस्ताव भेजा था एवं महंगाई भत्ता के एवज में सामयिक वृद्धि का प्रस्ताव भी रखा था, लेकिन इस पर भी अमल नहीं हो पाया। ऐसे में अब डॉक्टरों ने हड़ताल का रूख अपना लिया है। इधर मेकॉज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि मरीजों को हड़ताल के दौरान कोई परेशानी न हो इसके लिए डॉक्टरों की व्यवस्था की जा रही है। पीएचसी और सीएचसी में तैनात डॉक्टरों को यहां बुलाया गया है।

### बेसहारा सुखबती बाई ने कायम की मिसाल

**भिलाई (आरएनएस)।** संस्था के संस्थापक प्रकाश गेडाम ने बताया कि आज मिसाल कायम की बेसहारा सुखबती 62 वर्षीय महिला ने शरीर दान कर आस्था वृद्धाश्रम की 62 वर्षीय सुखबती बाई पति राम किशन ने 2 साल पहले अपना शरीर दान करने की घोषणा की थी कि मेरे मरने के बाद में मेरा शरीर मटिया जलाने के बजाय रात होने के बजाय यह शरीर यह मेरा शरीर मेडिकल कॉलेज में दिया जाए क्योंकि मेरा दुनिया में कोई नहीं है और आप लोगों ने भी संस्था के कई लोगों ने अपना शरीर दान किया तो मैं क्यों पीछे हटो मैं भी अपना शरीर मरने के बाद मेडिकल कॉलेज में दूंगी ऐसा उन्होंने घोषणा की थी कल 18 तारीख को सुमति भाई का दुख हॉस्पिटल में बीमारी की हालत में देहांत हो गया आज उनके शरीर को बच्चों के शिक्षा हेतु दान किया।।

# कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन में मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी -भरतपुर जिल्के प्रदेश में अव्वल, लक्ष्य का 64.49 प्रतिशत चावल का हो चुका उपार्जन

- कलेक्टर ध्रुव ने धान खरीदी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण
- केल्हारी से डांडहंसवाही सडक़ मरम्मत के निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला कस्टम मिलिंग के चावल उपार्जन के मामले में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिले में इस साल 4,60,300 क्विंटल चावल उपार्जन के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 2,96,870 क्विंटल चावल का उपार्जन किया जा चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का 64.49 प्रतिशत है। जिले में धान खरीदी के साथ-साथ उपार्जित धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। धान खरीदी की व्यवस्था पर कलेक्टर पी.एस. ध्रुव सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम निरंतर निगरानी रख रही है। सीमावर्ती जिला होने की वजह से सभी चेक पोस्ट पर मालवाहकों की सघन जांच अनवरत रूप से जारी है।

गौरतलब है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 23 उपार्जन केन्द्रो में कुल पंजीकृत 16,022 किसानों में से 18 जनवरी तक 13,066 किसानों से 6,56,681 क्विंटन धान की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जित धान में से 5,27,263 क्विटल धान का परिवहन राईस मिलरों के द्वारा किया जा चुका है, जो कि कुल खरीदी का 80 प्रतिशत है। जिले में धान खरीदी का कुल अनुमान 7,95,200 क्विंटल है।

कलेक्टर पी.एस ध्रुव ने आज धान उपार्जन केन्द्र घुटरा एवं कछौड़ का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का मुआयना किया। कलेक्टर ने यहां धान बेचने आए किसानों से धान खरीदी व्यवस्था एवं भुगतान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दोनों केन्द्रों में कृषकों के द्वारा लाये गये धान के गुणवत्ता भी परखी तथा ऐसे किसान जो अपना पूरा धान बेच चुके हैं, उनके शेष बचे रकबे को समर्पण करने के निर्देश केन्द्र प्रभारियों को दिए। कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को केन्द्रों में उपार्जित धान का तेजी से उठाव कराने के भी निर्देश दिए।



कलेक्टर ने इसके पश्चात बिहारपुर प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के साथ ही परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को केल्हारी से डांडहंसवाही तक 05 किलो मीटर जर्जर सडक़ के मरम्म्त के भी निर्देश दिए। ग्राम डांड़हंसवाही के शासकीय मैदान को खेल मैदान के रूप में विकसित करने हेतु सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत को तत्काल प्रस्ताव बनाने के भी निर्देश दिए गए।

### धान खरीदी में रिकार्ड खरीदी कर छत्तीसगढ़ देश में अव्वल बना -भूपेश बघेल

**रायपुर (आरएनएस)।** समीक्षा बैठक के पश्चात पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सबको बताने में सफल रहे कि ये सरकार आमजऩो की, किसानो की, गऱीबों की सबकी सरकार है। धान खरीदी में लगातार रिकॉर्ड बन और टूट रहे हैं। देश में अब तक छग ने सर्वाधिक मूल्यों पर धान खरीदी कर अव्वल नंबर पर आने का रिकार्ड बनाया है। विभिन्न योजनाओं के तहत समाज के हर वर्ग को मुख्यमंत्री बघेल के अनुसार लाभांवित किया जा रहा है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रत्येक ब्लॉक में दो रीपा बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का अच्छा परिणाम मिल रहा है। तहसील और अनुविभागों के गठन से प्रशासनिक कसावट आई है।

# नरवा विकास: खारी नाला खारा नहीं बल्कि अब किसानों के लिए साबित होने लगा है मीठा और लाभप्रद

- वनांचल स्थित खारी नाला में 400 से अधिक भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर
- भौता में निर्मित अर्दन डेम से 100 एकड़ रकबा में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित सुराजी गांव योजना के तहत नरवा विकास कार्यक्रम अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ वनमंडल के खारी नाला में लगभग 01 करोड़ रूपए की लागत राशि से अर्दन डेम का निर्माण किया गया है। इसके निर्माण से वन क्षेत्रों में जल के स्तर में वृद्धि के साथ-साथ 100 एकड़ रकबा में सिंचाई की सुविधा निर्मित हुई है। उक्त सुविधा के उपलब्ध होने पर वनांचल के किसानों के लिए खारी नाला अब मीठा एवं लाभप्रद साबित होने लगा है।

गौरतलब है कि वनमंडल मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भौता के खारी नाला में 210 मीटर चौड़ाई एवं 10 मीटर ऊंचाई के अर्दन डेम निर्मित की गई है, जिसकी कुल लागत 01 करोड़ रूपए है। इसका कैचमेंट एरिया 55.00 हेक्टेयर है। उक्त अर्दन डेम के निर्माण से निकटतम ग्रामों के लगभग 40 परिवार प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होने लगे हैं। जिसमें से 5 सीमांत एवं 35 लघु किसानों के कुल 100 एकड़ रकबा सिंचित होगा एवं जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण से ग्रामों के आसपास क्षेत्रों एवं वन क्षेत्रों में जल के स्तर में वृद्धि होगी। इसके फलस्वरूप वनों के पुनरूत्पादन एवं घनत्व में सघन वृद्धि के साथ-साथ वन्यप्राणियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। अन्य परिवारों द्वारा निस्तार के साथ-साथ मछली पालन से संबंधित आजीविका कार्य किया जा सकेगा। निर्मित अर्दन डेम से लगा गौठान बना हुआ है जो पशुधन हेतु लाभप्रद होगा।

गौरतलब है कि वनमंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में वनांचल स्थित नालों में कैम्पा मद के तहत भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण तेजी से जारी है। इस तारतम्य में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि मनेन्द्रगढ़ वनमंडल स्थित 15 किमी लम्बाई के खारी नाला में कैम्पा मद से वर्तमान में 435 भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अब तक 385 भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इनके निर्माण के लिए कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 के तहत 4 करोड़ 10 लाख रूपए की राशि स्वीकृत है।

### भैंसमुण्डी के रिक्त एसएसबी कैंप परिसर को एजुकेशन हब के रूप में किया जायेगा विकसित

- भैंसाकन्हार हाई स्कूल रिक्त एसएसबी कैम्प में होगा शिफ्ट

**कांकेर (आरएनएस)।** भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम भैंसमुण्डी में एसएसबी द्वारा स्थापित किये गये कैम्प जो अब रिक्त किया जा चुका है। उक्त परिसर को एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जायेगा तथा इस परिसर में ग्राम भैंसाकन्हार (क) में संचालित हाईस्कूल को भी शिफ्ट किया जावेगा तथा उक्त परिसर को शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की जायेगी। एसएसबी द्वारा रिक्त किये गये इस परिसर में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने आज भैंसाकन्हार (क) के ग्रामीणों के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण किया तथा इसे हाईस्कूल संचालन के लिए उपयुक्त पाया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि इस परिसर को एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जायेगा तथा यहां पर प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कराई जायेगी।

निरीक्षण के दौरान गोंडवाना समाज के जिला अध्यक्ष मानक दरपट्टी, ग्राम पंचायत भैंसाकन्हार (क) के सरपंच जयंत्री वट्टी सहित मेहर सिंह वट्टी, तुलसी राम वट्टी, जीवन कांगे, अपर कलेक्टर अंतागढ़ बी.एस. उइके, व अन्य मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले को दी अनेक विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर (आरएनएस)।** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में 73 करोड़ रूपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकर्पण और शिलान्यास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत आज खपरी में अधिकारियों की समीक्षा बैठक के बाद क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने इसके तहत् तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 40 करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक राशि के 17 विकास कार्यों का लोकार्पण और 32 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक राशि के 24 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री बघेल ने इस तरह कुल 73 करोड़ 1 लाख 78 हजार रूपए के 41 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र आगमन पर मुख्यमंत्री बघेल ने क्षेत्रवासियों को सौगात देते हुए नर्मदा नदी पर निर्मित टिहुलाडीह एनीकेट, सी.सी. सडक़ सह नाली निर्माण, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल तखतपुर का उन्नयन कार्य, तहसीलदार कार्यालय सकरी, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना फेस-3 सडक़ निर्माण सकरी से एन.एच. 130 परसदा व्हाया चिचिरदा, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना फेस-3 एन.एच. 130 सम्बलपुरी से लाखासार व्हाया बहतराई, भुंडा से मंगला, भैसाझार सडक़ निर्माण व्हाया भौहाकांपा, सकरी से डलडलीहापारा सडक़ नवीनीकरण कार्य, खपरी-करगीरोड से साल्हेकापा सडक़ नवीनीकरण कार्य, टी-02 मुरू से खरकेना सडक़ नवीनीकरण कार्य, सहित कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

# आदर्श मार्केट के रूप में डेवलप करने आकाश गंगा क्षेत्र से होगी शुरुआत

- कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

**भिलाई (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मार्केट क्षेत्रों को एक आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने का कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए आकाशगंगा व्यवसायिक परिसर से शुरुआत की जाएगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज विभिन्न मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। नेहरू नगर चौक में चौपाटी के रूप में विकसित करते हुए वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा। भिलाई निगम ने कलेक्टर के निर्देश पर नेहरू नगर चौक से केपीएस जाने वाले रोड पर पहला वेंडिंग जोन तैयार किया है। अब नेहरू नगर चौक के समीप अमन ढाबा से लगे हुए स्थान पर चौपाटी के रूप में विकसित करते हुए वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा, कलेक्टर ने इसकी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है।

इसके लिए अधिकारी सर्वे कर शीघ्र ही इस पर कार्य आरंभ करेंगे। कलेक्टर एवं आयुक्त ने नेहरू नगर बुनियाद कांप्लेक्स से लेकर नेहरू नगर व्यवसायिक परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी भी मौजूद थे। निगम और चेंबर ऑफ कॉमर्स मार्केट क्षेत्र को आदर्श मार्केट बनाने के लिए अभियान चलाएंगे।

शीघ्र ही आकाश गंगा से इसकी शुरुआत हो जाएगी। आदर्श मार्केट बनाने के लिए पार्किंग स्थल का चयन, स्ट्रीट लाइट का संधारण एवं लाइट लगाने का कार्य, शौचालय मरम्मत एवं संधारण का कार्य, आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान, दुकानों में डस्टबिन तथा गमले रखने का अभियान, स्वच्छता के लिए विशेष अभियान, अतिक्रमण हटाने का अभियान आदि शामिल है। कलेक्टर के निरीक्षण के बाद शीघ्र ही यह अभियान भिलाई में प्रारंभ हो जाएगा।

मार्केट क्षेत्रों को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने नवाचार अपनाते हुए इसकी कार्य योजना तैयार कर इस पर अमल करने अधिकारियों को निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में व्यापारी संघ तथा निगम मिलकर मार्केट क्षेत्रों को आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने जमीनी स्तर पर काम करेंगे। प्रारंभिक तौर पर अभी एक मार्केट का चयन किया गया है इसी तरह आगे भी मार्केट क्षेत्रों का चयन कर इस पर कार्य किया जाएगा।

# भिलाई में निर्माणाधीन बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन की होगी जांच

- भवन अनुज्ञा के अनुरूप निर्माण हो रहा है या नहीं फील्ड में अधिकारी करेंगे निरीक्षण
- निगम आयुक्त रोहित व्यास ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**भिलाई (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन की जांच की जाएगी तथा भवन अनुज्ञा लिया गया है या नहीं लिया गया है अगर लिया गया है तो अनुज्ञा के अनुरूप निर्माण हो रहा है कि नहीं इसकी भी अधिकारी फील्ड में निरीक्षण कर जांच करेंगे। आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को समीक्षा बैठक में इसके लिए निर्देश दिए हैं। मलबा बिखेरकर रखने वाले लोगों पर भी नजर रखा जाएगा तथा विध्वंस के बाद मलबे को इधर-उधर फेंकने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा की और गौठान में बटेर पालन को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। गौठान में मिलेट्स को बढ़ावा देते हुए इससे फूड प्रोडक्ट तैयार करने प्लानिंग की जाएगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट के तहत लग रहे स्वास्थ्य शिविर से अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने उन्होंने अधिकारियों को कहा, जोन आयुक्त इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करेंगे। भिलाई के मार्केट क्षेत्र को आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने उन्होंने अलग-अलग मार्केट क्षेत्रों का चयन करने जोन आयुक्त को कहा है। मार्केट की सूची अनुरूप इस पर उन्होंने सर्वे करने के भी निर्देश दिए है। आयुक्त ने सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर निधि एवं अन्य मदो के तहत प्राप्त राशि के कार्यों की समीक्षा की तथा अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने, प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने स्लो प्रोग्रेस पर नाराजगी भी जाहिर की तथा अति शीघ्र कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण, अवैध निर्माण तथा अवैध प्लाटिंग जैसे कार्यों पर निरंतर कार्यवाही हो। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता बीके देवांगन, उपायुक्त रमाकांत साहू एवं नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, खिरोद्र भोई एवं येशा लहरें, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर व भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख आदि मौजूद रहे।

# ठगी का शिकार बनी महिलाओं का फूटा गुस्सा, कार्यालय में की तोड़फोड़

- होमग्रोन कॉर्पोरेशन का संचालक फरार,15 दिन में 35 सौ रुपए देने महिलाओं से जमा करवाए थे 25 सौ रुपए

**दुर्ग (आरएनएस)।** दुर्ग शहर में स्वरोजगार के आड़ में करीब 5 करोड़ से अधिक राशि का ठगी का बड़ा मामला प्रकाश में आया है। इंदिरा मार्केट स्थित प्रेम कॉपलेक्स के दूसरी मंजिल में संचालित ठग कंपनी होमग्रोन कॉर्पोरेशन ने महिलाओं को साढ़े तीन किलो मोती का माला पिरोने के एवज में 15 दिन में साढ़े तीन हजार रुपए देने का वादा किया था। जिसके लिए ठग कंपनी द्वारा महिलाओं से ढाई हजार रुपए सुरक्षा राशि जमा करवाई गई थी। कम राशि में आसानी से ज्यादा कमाई के ठग कंपनी के जाल में महिलाए फंस गई। इस कंपनी से करीब 1 हजार से अधिक महिलाओं के जुड़े होने का पता चला है। कंपनी से जुड़ी महिलाएं गुरुवार को कंपनी के इंदिरा मार्केट स्थित कार्यालय पहुंची, तो उन्हे कार्यालय में ताला लगा मिला। कंपनी के संचालक सानू कुमार का मोबाइल फोन भी स्वीच ऑफ मिला। जिसके बाद महिलाओं को समझते देर नहीं लगी कि वे बड़े ठगी का शिकार हो गए। यह खबर शहर में आग की तरह फैली। जिससे कंपनी से जुड़ी अन्य महिलाएं और उनके परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंचे और कंपनी के खिलाफ जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान महिलाओं का कंपनी संचालक के खिलाफ जमकर गुस्सा फूटा। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने कंपनी कार्यालय में लगे ताला को तोडक़र कार्यालय में रखे सामान उठा ले गए। वहीं कुछ लोगों ने कार्यालय में पथराव कर शीशे को नुकसान पहुंचाया है। घटना की खबर पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और उन्होंने महिलाओं व उनके परिवार के सदस्यों को समझा-बुझाकर शांत करवाया। बाद में पीड़ित महिलाओं ने रैली की शक्ल में कोतवाली थाना पहुंचकर कंपनी संचालक के खिलाफ शिकायत की है। फिलहाल फरार कंपनी संचालक सानू कुमार का का कुछ पता नहीं चल पाया है। उसे बिहार का निवासी बताया जा रहा है।

इसके अलावा पीड़ित महिलाएं कंपनी संचालक के संबंध में कुछ भी जानकारी देने में असमर्थ है। पिछले 3 माह से होमग्रोन कॉर्पोरेशन का संचालन किया जा रहा था। इसके लिए कंपनी संचालक द्वारा 15-20 की संख्या में कार्यालय में कर्मचारी भी रखे गए थे। ये कर्मचारी कार्यालय में महिलाओं को माला पिरोने की स्कीम की जानकारी देकर कंपनी में जोड़ते थे। कंपनी से जुडऩे वाली महिला सदस्यों द्वारा नए सदस्य बनाए जाने पर उन्हे 4सौ रुपए का कमीशन भी दिया जाता था। जिससे महिलाओं में कंपनी की स्कीम को लेकर खासा उत्साह था और लगातार कंपनी से महिलाएं जुड़ रही थी। इस कंपनी से खासकर आर्थिक रुप से मध्यम व निम्न वर्ग की महिलाएं जुड़ी हुई है। होमग्रोन कॉर्पोरेशन से दुर्ग शहर की करीब हजार से अधिक की संख्या में महिलाएं जुड़ी थी। इस कंपनी से एक ही परिवार के 4-5 महिला सदस्यों के जुड़े होने का भी पता चला है। कंपनी द्वारा दुर्ग के अलावा भिलाई में भी कार्यालय खोला गया था।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री [illegible] श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी [illegible] एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU